**भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का भारतीय दूतावास द्वारा भारतीय समुदाय और भारत के मित्रों के लिए आयोजित स्वागत समारोह में संबोधन**

**बेलग्रेड, 7 जून, 2023**

मैं भारत की सरकार और जनता की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिवादन करती हूं।

मैं स्मरणीय इतिहास से पूर्ण देश Serbia, और खूबसूरत Belgrade में आकर बहुत खुश हूं। यह मेरी Europe की पहली राजकीय यात्रा भी है।

इस दौरे पर मेरे साथ राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति जी, सांसद श्रीमती रमा देवी जी, और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी आए हैं।

भारत और Serbia दोनों प्राचीन देश हैं। आधुनिक युग में, Serbia के साथ भारत के संबंध विशेष रूप से Non-Aligned Movement के संदर्भ में मजबूत हुए हैं। Belgrade में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, और रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमाएं, और नई दिल्ली में 'Josip Broz Tito Street', और जोधपुर में 'टीटो चौराहे' उस ऐतिहासिक संपर्क के गवाह हैं।

मित्रों,

भारत और सर्बिया ने हमेशा एक-दूसरे के हितों को समझा है। दोनों देश ने अक्सर प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचारों को साझा किया है।

इस द्विपक्षीय संबंध के आधार पर, मैं अपनी यात्रा के दौरान Serbia के leaders के साथ बातचीत करने के लिए उत्साहित हूं। हम इस बात की प्रशंसा करते हैं, कि राष्ट्रपति वुचिच ने पूरी प्रतिबद्धता से इस साझेदारी को आगे बढ़ाया है। भारत और उसके लोगों के प्रति उनके जुड़ाव और सद्भावना की भांति हमारा भी Serbia के लोगों के प्रति ऐसा ही भाव है।

मुझे यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि हमारे तीन प्रमुख Business Chambers - ASSOCHAM, CII, और FICCI का एक high-powered business delegation भी Belgrade आया है।

मुझे यकीन है कि हमारे व्यापार प्रतिनिधि अपने समकक्षों के साथ जो आदान-प्रदान करेंगे उससे कृषि, रक्षा, ऊर्जा, infrastructure, automobiles, food processing, pharmacy और ICT क्षेत्रों में व्यापार और निवेश में वृद्धि होगी।

भारत के sustainable development सहयोग कार्यक्रमों में Serbia एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। ICT, management, finance, textiles, rural development, पर्यावरण, लोकतंत्र, Yoga और आयुर्वेद के क्षेत्रों में, हमारे ITEC capacity building कार्यक्रम के तहत, कई Serbian नागरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर के लाभान्वित हुए हैं।

मित्रों,

मुझे बताया गया है कि भारतीय फिल्में Serbia में लोकप्रिय रही हैं, और Serbia भारतीय फिल्म निर्माताओं के लिए एक नए 'film destination' के रूप में उभरकर आया है। कई Serbian लोगों का Yoga सहित भारत की आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरा लगाव है। मुझे यह भी बताया गया है कि आयुर्वेद को यहां treatment के रूप में मान्यता प्राप्त है।

हमारे यहां, नोवाक जोकोविच को लाखों लोग एक role model और प्रेरणा के रूप में देखते हैं। Serbia के कई खेल प्रशिक्षक भारतीय athletes और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर रहे हैं।

आज यहां आए Serbians, जो भारत के मित्र हैं, उनका मैं विशेष रूप से अभिनंदन करना चाहती हूं। हम, भारत के प्रति आपकी श्रद्धा और प्रेम से अभिभूत हैं। भारत और Serbia के बीच मित्रता और आपसी समझ को मजबूत करने में आपकी भूमिका अमूल्य है।

देवियो और सज्जनो,

भारत तेजी से, एक अभूतपूर्व बदलाव और transformation के दौर से गुजर रहा है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, और हमारी GDP 3.5 trillion dollars के करीब है। इस दशक के समाप्त होने से पहले, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

पूरे देश में नए infrastructure का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष, 2047 तक, एक विकसित देश बनने की अपनी आकांक्षा को लेकर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा रहा है। हम बड़े पैमाने पर development, infrastructure, digital, green energy और सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं।

इस परिवर्तन का एक सुखद पहलू, जो मेरे दिल के बहुत करीब है, वह है महिला सशक्तीकरण। भारत के महिला-पुरुष अनुपात में अब महिलाएं आगे हैं। मैं यह भी बताना चाहूँगी कि इस वर्ष की प्रतिष्ठित Civil Services परीक्षा में, जिसमें लाखों विद्यार्थी शामिल हुए थे, पहले चार rank लड़कियों ने हासिल किए हैं! आपका भारत, हमारा भारत, निरंतर बदल रहा है।

वैश्विक मंच पर, भारत को एक जिम्मेदार विकास भागीदार, first responder और Global South की आवाज के रूप में पहचाना जाता है। प्रत्येक पहलू एक leading power बनने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। चाहे वह climate action हो या आतंकवाद का मुकाबला, connectivity हो या समुद्री सुरक्षा, financial inclusion हो या food security, भारत सक्रिय रूप से इन सभी वैश्विक चर्चाओं का नेतृत्व कर रहा है।

भारत एक सभ्यता के रूप में “वसुधैव कुटुम्बकम” में विश्वास रखता है, जिसका अर्थ है कि विश्व एक परिवार है। 2023 में भारत की G-20

Presidency, जो "One Earth, One Family, One Future" theme पर आधारित है, हमारे इसी सदियों पुराने सिद्धांत की ओर इंगित करती है।

अंत में, मैं यह कहना चाहूँगी कि हम अगले 25 वर्षों में भारत को एक महान शक्ति बनाने के vision को लेकर चल रहे हैं। आप भी इसका एक हिस्सा हैं, क्योंकि आप जो योगदान देते हैं, जो सम्मान अर्जित करते हैं, जो सहयोग देते हैं, उससे भारत के वैश्विक सम्मान में बढ़ोतरी होती है।

मुझे विश्वास है कि आप यहां भारत का झंडा, भारत का नाम, ऊँचा रखेंगे। मैं आप सभी की सफलता और खुशहाली की कामना करती हूं।

धन्यवाद, वाला वाम

जय हिन्द!